हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 23 अप्रैल 2024

04 वी क्लब के आयोजित संस्कार कक्षा में विद्यार्थियों ...



07 श्योपुर पहुंची मधु शर्मा, संभाला खंड शिक्षा...





## खबर संक्षेप

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 24 अप्रैल को

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 128 वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 24 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, बी एम डी ( हड्डियों के घनत्व की जांच), यूरिक एसिड तथा अन्य परीक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है।

### अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन बिल का भुगतान माह की एक तारीख तक करें

**सागर।** जिले के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन देयकों को प्रत्येक माह की एक तारीख को भुगतान के लिए आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा कोषालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं है। समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि प्रत्येक माह की एक तारीख तक अनिवार्य रूप से वेतन देयक जिला कोषालय में प्रस्तुत करें।

### मतदान दल का द्वितीय प्रशिक्षण 29 अप्रैल से

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 29 अप्रैल से एक मई तक प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रूपेश उपाध्याय के आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत समस्त सेक्टर अधिकारियों को उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होकर मतदान प्रकिया से संबंधित प्रशिक्षण लेने के लिए आदेशित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र बीना अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्र जैन उ.मा.वि. बस स्टैड सागर, खुरई के लिए शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय सागर, सुरखी के लिए शासकीय कला एवं वाणिज्य सुरखी के लिए शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर, नरयावली के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सागर एवं सागर क्षेत्र के लिए शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय, तिली को प्रशिक्षण केन्द्र बनाया गया है।


### एमसीएमसी के माध्यम से पैड न्यूज पर सशक्त निगरानी

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय खर्चे पर नजर रखने का कार्य किया जा रहा है। एमसीएमसी कक्ष के माध्यम से पैड न्यूज पर विशेष नजर रखी जा रही है। कलेक्टेट के कक्ष क्रमांक 218 में संचालित एमसीएमसी में 24 घंटे सातो दिन निगरानी के लिए आठ-आठ घंटे के अंतराल के लिए अधिकारी, कर्मचारी दायित्वों का निर्वहन कर रहे है। मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मानिटरिंग कमेटी के द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 सागर और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 दमोह अंतर्गत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के द्वारा घोषणा पत्रों में उल्लेखित सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो की आईडी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व प्रिन्ट मीडिया के साथ-साथ रेडियो व एफएम बैड पर जारी होने वाली प्रचार प्रसार सामग्री पर भी नजर रखी जा रही है साथ ही संबंधित रिटर्निंग आफीसर से प्रसारण पूर्व अनुमति प्राप्त की गई है कि नहीं पर भी निगरानी की जा रही है। इसके अलावा अखबारो में राज्य व राष्ट्रीय स्तर से प्रकाशित होने वाले प्रचार विज्ञापनो की भी कतरने संधारित कर व्यय राशि, अखबार का नाम कतरनो की साइज सहित कम्पाइल फाइल तैयार कर हर रोज जिला स्तरीय व्यय प्रकोष्ठ प्रभारी को प्रेषित की जा रही है और सभी प्रकार का रिकार्ड पंजियो में संधारित किया जा रहा है

## एमपी-यूपी बॉर्डर पर स्थित हैं मूछों वाले हनुमान जी की दुर्लभ प्रतिमा

# हनुमान प्राकट्योत्सव पर विशेष : 200 वर्षों से दो प्रदेशों में आकर्षण का केंद्र हैं अमझिरा सरकार, दर्शन मात्र से पूरी होती है मनोकामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर/मालथौन



भारत में श्रीराम भक्त हनुमान जी के कई चमत्कारी मंदिर हैं। जहां हनुमानजी विभिन्न रूप में विराजित हैं। ऐसा ही हनुमान जी का मंदिर मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश की बॉर्डर पर मालथौन के अटा कर्नलगढ़ गांव के जंगल में स्थित हैं, जो अति प्राचीन हैं जिसे अमझरा सरकार के नाम से जाना जाता हैं। मान्यता हैं की लगभग 200 साल पहले इस मंदिर में हनुमान जी की अद्भुत प्रतिमा की स्थापना हुई थी। मंदिर में विराजे हनुमान जी महाराज के दुर्लभ दर्शन करने हजारों की संख्या में प्रतिदिन लोग पहुंच कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। मंदिर में विराजे हनुमान जी की प्रतिमा अदुतिय हैं। प्रतिमा में हाथ में कौमोदकी गदा लिए और तनी हुई मूछें आकर्षण का केंद्र हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक जाने वाले नेशनल हाईवे पर यह दिव्य मंदिर स्थित है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाऐं पूरी होती हैं लोग शनिवार और मंगलवार को पहुंचकर अपनी अर्जी लगाते हैं। मनोकामना पूरी हो जाने के बाद झंडे और घंटे भेंट किए जाते हैं। यहां आने वाले भक्त हनुमान जी को प्रसाद चढ़ाते है इसके बाद हनुमान जी की सेना कही जाने वाले लाल मुंह के बंदरों को भी प्रसाद खिलाया जाता हैं।

### मंदिर का यह है इतिहास

मंदिर स्थापना करने वाले परिवार के सदस्य 60 वर्षीय हरेंद्र शाह बुंदेला ने बताया कि वह पांचवी पीढ़ी के सदस्य है हमारे पूर्वजों के द्वारा बताया गया था कि उनके पूर्वज को सपना आया था कि एमपी के खिमलासा ( वर्तमान में मंदिर से 30 किलोमीटर दूरी पर) के जंगलों में हनुमान जी की प्रतिमा जमीन में दबी है। सपना आने पर उस जगह पर पहुंचे और खुदाई की तो वहां पर करीब 8 फीट लंबी हनुमान जी की प्रतिमा निकली। पुष्य नक्षत्र में प्रतिमा को अमझिरा घाटी में विराजित किया गया। बाद जब मूर्ति को उठाकर अन्य स्थान पर ले जाने की कोशिश हुई तब कोई भी प्रतिमा को हिला नही सका। तब के बाद छोटे रूप में मंदिर का निर्माण किया गया। जंगल में होने के कारण आसपास के गांव के लोग आने लगे। दो प्रदेशों की बॉर्डर पर स्थित है होने के कारण सागर और ललितपुर जिले के भक्त आने लगे। 1940 में राव राजेंद्र सिंह के जन्म लेने के उपलक्ष्य में उनकी दादी ने यहां पर मंदिर का निर्माण कराया गया वही यहां से नेशनल हाईवे निकलने की वजह से यह सिद्ध क्षेत्र की मान्यता और बढ़ गई लोगों का मंदिर तक पहुंचना सुलभ हो गया। नित दिन हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु हनुमान जी महाराज के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं।

### मूंछ वाले हनुमान जी से बनी पहचान

मंदिर के पुजारी पुरषोत्तम वैध ने बताया कि मंदिर में स्थित मूंछ वाले हनुमान जी की यह दुर्लभ प्रतिमा है। जिसमें हनुमान जी महाराज की मूंछों पर ताव हैं जो अपने आप में अद्भुत हैं जिससे प्रतिमा में अलग ही तेज दिखाई देता हैं। पहाड़ी इलाके होने के बावजूद आज यहां पर अलग-अलग मंदिर बन गए हैं। यहां आने वाले लोग बताते हैं कि ऐसे मूंछ वाले हनुमान जी की प्रतिमा कहीं भी देखने को नहीं मिलती है। यहां पर रोजाना हाइवे से निकलने वाले वाहन चालक अमझिरा सरकार के दर्शन अवश्य करते हैं। इसके अलावा मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के लोगों के आने का सिलसिला 24 घंटे लगा रहता है।

### भक्तो की मनोकामनाएं होती है पूरी

मंदिर में पहुंचते ही यहां बड़ी संख्या में भक्तों के द्वारा चढ़ाएं गए झंडे और घंटे देखने को मिलते है। हफ्ते में मंगलवार और शनिवार को भक्त यहां भारी संख्या में आते है और अपनी अर्जी लगाते हैं मनोकामना पूरी हो जाने के बाद मंदिर में भक्तो द्वारा झंडे और घंटे चढ़ाए जाते हैं। मंदिर की सेवा करने वाले भक्त छल्ली राजा का कहना है कि पांच साल पहले यहां पर कोई बंदर नहीं था। अब यहां पर बड़ी संख्या में बंदर है। यहां भक्त मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के बाद भगवान की सेना कहे जाने वाले लाल मुंह के बंदरों को भी प्रसाद खिलाते हैं।

### चमत्कार बताते हैं यहां आने वाले भक्त

पंडित बृजराज किशोर बिदुआ जी महाराज ने बताया कि वह करीब 60 वर्षो से लगातार यहां आ रहे हैं। यहां कभी घना जंगल हुआ करता था। यहां आने भी लोग कतराते थे। यहां पर चिड़िया की आवाज नहीं आती थी। मंदिर के पुजारी पूजा करने के बाद चले जाते थे और यहां पर डाकुओं का बोल बाला था। समय का बदलाव हुआ और यहां से नेशनल हाइवे निकला और आज मंदिर की पहचान अलग बन गई है। इसके अलावा एक अन्य भक्त अशोकनगर जिले के निवासी रामबाबू राजपूत ने बताया कि वह करीब 8 वर्षो से यहां आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहां साक्षात प्रमाण यह है कि उनकी हर मन्नत यहां पूरी हुई है। यहां आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

### शादियों के लिए विशेष इंतजाम, है मान्यता

मंदिर परिसर में हिंदु धर्म के अलग-अलग समाज की एक दर्जन से ज्यादा धर्मशालाएं स्थित हैं। जहां पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यहां पर सभी समाज के लोगों की शादियां बड़े स्तर पर धूमधाम से होती हैं। मान्यता हैं की मंदिर परिसर से संपन्न शादी विवाह का रिश्ता अटूट होता हैं।

## लापता युवक का नदी में मिला शव, गढ़ाकोटा पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की



गढ़ाकोटा। सागर जिले के गढ़ाकोटा में उस समय सनसनी फैल गई जब सुनार नदी में एक युवक का शव अतराता हुए मिला। मिली जानकारी के अनुसार युवक दीपेश पिता मुन्ना सिंह ठाकुर उम्र 26 वर्ष दो दिन पहले अचानक गायब हो गया था। इसके बाद परिजनों ने थाना गढ़ाकोटा में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस लगातार ढूंढने का प्रयास कर रही थी इसके बाद लगभग दो दिन के बाद सोमवार कि सुबह सुनार नदी में युवक का शव देखा तो लोगों ने थाना गढ़ाकोटा को सूचना दी जिसके बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची ओर युवक की पहचान दीपेश पिता मुन्ना सिंह ठाकुर उम्र 26 वर्ष के रूप में हुई। जो कि 2 दिन पहले अचानक कहीं चला गया था। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि 2 दिन पूर्व युवक की परिजनों द्वारा गुम इंसान के रूप में शिकायत दर्ज की गई थी इसके बाद सोमवार कि सुबह सुनार नदी मैं तैरता हुआ उसका शव मिला है मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों के द्वारा बताया गया है कि युवक को फिट आने की शिकायत थी जांच जारी है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही इसकी वजह है साफ हो पाएगी ।

## दुकानों और घरों का शत प्रतिशत कचरा गाड़ियों में जाए ताकि कचरे का उत्सर्जन कम हो: निगमायुक्त खत्री

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने समस्त जोन प्रभारियो, वार्डों के कर संग्राहक और सफाई दरोगाओं की बैठक लेकर उन्हें अपने-अपने वार्डों के अंतर्गत खाली पड़े प्लाटों की जानकारी सूचीबद्ध कर उन पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए । ताकि उन प्लांट मालको पर उनके प्लांट पर पड़े कचरा और सीएनडी बेस्ट मटेरियल के कारण फैल रही गंदगी पर उन पर कार्यवाही की जा सके और उस कचरे या सीएनडी मटेरियल को निगम द्वारा उठवाया जा सके, जिसके उठवाने का चार्ज भी उसी प्लाट मालिक से वसूल किया जाएगा और न देने पर यह चार्ज उसकी संपत्ति कर के साथ वसूल करने की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए की निगम की आय बढ़ाने के लिए और करो कि वसूली हेतु वार्डो मे वसूली शिविर लगाने की कार्य योजना बनाई जाए ताकि जनता को निगम करो को जमा करने में सुविधा हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वार्डों में गंदगी करने वाले और खुले में कचरा फेंकने वालों पर नजर रखें और लोगों को जागृत करें कि अपने घरों का कचरा खुले में ना फेके और कचरा गाड़ी को ही दें, इस प्रकार कोशिश करें कि घरों या दुकानों का कचरा उत्पन्न होने वाले स्थान पर से ही सीधे कचरा गाड़ी में आ जाए ताकि कचरे का उत्सर्जन कम हो।

## सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल गढ़ाकोटा में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशनुसार महेश कुमार शर्मा प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष एवं अजय सिंह जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के दिशा-निर्देशन में, सुश्री सोनल सिंह जादौन, व्यवहार न्यायाधीश/अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति गढ़ाकोटा की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल गढाकोटामें विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में न्यायाधीश सुश्री सोनल सिंह जादौन ने अपने उद्बोदन में कहा कि कानून का पर्याप्त ज्ञान होने पर ही हम अपने अधिकार के लिये लड़ सकते है। हमें यदि शोषण करने वाले से बचना है, तो उसके लिये आधारभूत कानून का ज्ञान होना जरूरी है। विभिन्न प्रकार के आपराधिक कृत्यों का एक प्रमुख कारण मोबाईल ही है। साथ ही मोबाईल आदि इलेक्ट्रानिक उपकरणों का भी कम से कम उपयोग करना चाहिये। उन्होंने बच्चों को अपने जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद संबंधी गतिविधियों पर भी ध्यान केंद्रित करने की बात की तथा बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्य को तनावमुक्त होकर करना चाहिये। अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा जमील कुरैशी ने जानकारी दी कि कानून से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिये कार्यालय तहसील विधिक सेवा समिति में संपर्क स्थापित कर सकते है।

शिविर प्रभारी सचिन साहू ने निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता योजना, नेशनल लोक अदालत,मीडिएशन योजना अंतर्गत मध्यस्थता से होने वाले लाभ पर चर्चा करते हुये बताया कि मध्य स्थता प्रकरणों के निराकरण का सरल एवं सुलभ मार्ग है। उनके धन एवं समय की बचत होती है।

कार्यक्रम में न्यायाधीश सुश्री सोनल सिंह जादौन, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ गढाकोटा जमील कुरैशी, शिविर प्रभारी सचिन साहू, स्कूल के प्राचार्य संजय सिंह, दयाराम पटैल, दीनदयाल पटैल, राजेन्द्रनाथ साहू, गोविन्द सिंह एवं अन्य शिक्षकगण तथा विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## महिला बाल विकास व पुलिस के संयुक्त दल ने रुकवाया बाल विवाह

**सागर।** चाइल्ड हेल्प लाइन सागर से परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास खुरई को ग्राम मड़नी में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर महिला बाल विकास एवं पुलिस के संयुक्त दल द्वारा ग्राम मड़नी जाकर नाबालिग बालिका के पिता से चर्चा कर बालिका के आयु संबंधी दस्तावेज जांच हेतु प्राप्त कर दस्तावेज का अवलोकन करने पर बालिका की जन्म 01.01.2009 अर्थात 15 साल 03 माह की होना पाये जाने से संयुक्त दल द्वारा बालिका के पिता को बाल विवाह के दण्डात्मक प्रावधानो की जानकारी दी गई एवं बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने पर ही शादी करने की समझाइष देकर बालिका एवं उसके पिता के द्वारा बालिग होने पर ही शादी करने की सहमति प्रदान करने पर ग्रामवासियो के समक्ष पंचनामा तैयार किया गया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सागर आगमन 24 अप्रैल को, जनसभा को करेंगे संबोधित

# प्रधानमंत्री के सागर आगमन को लेकर कार्यक्रम प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को सागर पधार रहे हैं जिसको लेकर कार्यक्रम के प्रभारी खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जिसमें उन्होंने पत्रकार बंधुओं को जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सागर संसदीय क्षेत्र में 24 अप्रैल को दोप. 12.00 बजे आगमन हो रहा है। जनसभा की तैयारी हेतु 20 से अधिक समितियां गठित की गई है। समिति सदस्यगण दिन-रात तैयारियों में लगे हुए है। कार्यकर्ता एवं समस्त जनप्रतिनिधि घर-घर जाकर पीले चावल देकर श्रृद्धेय मतदाताओं को आमंत्रित कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा मकरोनिया नगर पालिका के ग्राम बड़तुमा में आयोजित की जा रही है। आयोजन की व्यापक सफलता हेतु विशाल पंडाल का निर्माण दिन-रात हो रहा है। पंडाल में बैठक व्यवस्था हेतु हजारों कुर्सियां रखी जा रही है, ठंडे पानी की व्यवस्था सहित पंडाल का वातावरण ठंडा रहे, इस हेतु कूलर की व्यवस्था की जा रही है। आयोजन स्थल बड़तुमा राष्ट्रीय राजमार्ग सागर नरसिंहपुर रोड के पास है। यहीं से आवागमन की व्यवस्था रहेगी। पत्रकारों के आवागमन हेतु पृथक से व्यवस्था की गई है। पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह, विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, इंजी. प्रदीप लारिया, जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, लोकसभा संयोजक प्रभुदयाल पटेल, लोक सभा सह संयोजक श्याम तिवारी, महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, पूर्व विधायक पारुल साहू, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, मीडिया पैनलिस्ट प्रदीप राजौरिया, सह मीडिया प्रभारी आलोक केसरवानीउपस्थित रहे।



## पीपल का पेड़ अब संजय ड्राइव पर आने जाने वाले राहगीरों को छाया और पक्षियों का बनेगा बसेरा

**सागर।** कटरा क्षेत्र में गौर मूर्ति के पास लगे पुराने पीपल पेड़ को स्मार्ट सिटी द्वारा जड़ सहित उखाड़ कर संजय ड्राइव के बाजू में पौधों के लिए अलग से निश्चित किये गये स्थान पर पूजा अर्चना के पश्चात पुनः रोपित कर दिया गया जिसमें शीघ ही पुनरू पत्तियां आने लगेगी और आगे चलकर यह पेड़ संजय ड्राइव से आने जाने वाले राहगीरों को छाया और पक्षियों का बसेरा बनेगा। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व बस स्टैंड पर लगे पुराने पीपल के पेड़ को यहां पुनः रोपित किया गया था, जिसमें कोपल पत्तियां आना शुरू हो गई हैं और आगे चलकर यही पेड़ घनी पत्तियों से आच्छादित होगा एवं राहगीरो और पक्षियों को धूप से बचने का सहारा बनेगा। उसी के बाजू में कटरा से लाये गए पीपल के पेड़ को रोपित किया गया है और यह पेड भी आगे चलकर राहगीरों को छाया देने और पक्षियों का बसेरा बनेगा।इस पेड़ के पुनः रोपित करने के कार्य को देखने नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री स्थल पर पहुंचे और उन्होंने शिफ्टिंग के बाद पेड़ में समय-समय पर पानी देते रहने के निर्देश दिए ताकि जल्द से जल्द यह पेड़ हरा भरा होकर अपने पूर्वत रूप में आ जाए।



## बीएमसी में मरीजों की असुविधाओं को लेकर शिवसैनिकों ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**सागर।** बुन्देलखण्ड मेडीकल कॉलेज में मरीजों को रही असुविधाओं को लेकर शिवसैनिकों ने संभाग कमिश्नर वीरेन्द्र सिंह रावत को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में उल्लेखित है कि पंजीयन पर्ची, काउन्टर की कमी के चलते मरीजों को कई घण्टे तक लाइन में लगकर इंतजार करना पडता है और वहीं दवाई काउन्टर दोपहर 12 बजे बंद हो जाने से गंभीर मरीजों को बाजार से दवाई खरीदने के लिए मजबूर होना पडता है। शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने मेडीकल कॉलेज डीन व अधीक्षक पर मरीजों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बी.एम.सी. में सैकडों मरीज प्रतिदिन डॉक्टरों से इलाज कराने आते है लेकिन उन्हें पंजीयन पर्ची के लिए घण्टों लाईन में लगा रहना पडता है। बी.एम.सी. में पंजीयन काउन्टर बढाये जाना चाहिए और दवाई काउन्टर की संख्या बढाकर दवाई का काउन्टर 24 घण्टे खुलना चाहिए ताकि मरीजों को बाजार से मंहगी दवाई न खरीदना पडे। तिवारी ने कहा कि बी.एम.सी. के वार्डों में स्थित शौचालयों में गंदगी का साम्राज्य है नियमित व सही सफाई न होने से वार्डों के मरीज व उनके परिजन दुर्गंध व बीमारी का शिकार हो रहे है। शिवसेना जिला प्रमुख दीपक लोधी ने कमिश्नर से बी.एम.सी. के चिकित्सक, वार्ड वॉय, सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी, के लिए नेम प्लेट अनिवार्य करने की मांग की ताकि मरीजों को पता लग सके कि कौन डॉक्टर है कौन वार्ड वॉय कौन सुरक्षाकर्मी है।

## अकादमिक प्रगति के लिए समीक्षा और विमर्श जरूरी: प्रो दिवाकर सिंह राजपूत

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग में समीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अकादमिक उन्नयन हेतु आयोजित कार्यक्रम अध्यक्षता विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने की। कार्यक्रम में विभाग के शोधार्थियों से सीधा संवाद करते हुए प्रोफेसर राजपूत ने कहा कि शोध का मुख्य उद्देश्य देश हित और विश्व कल्याण की भावना का से पूरित होता है। समाज विज्ञान के विद्यार्थी होने के नाते हम सबको शोध के दौरान व्यावहारिक पहलुओं पर भी ध्यान रखना चाहिए। आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रो राजपूत ने कहा कि प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण के लिए भी हमको आगे आना होगा। पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी के प्रति हमारी भूमिका से ही हमारा भविष्य सुरक्षित रह सकता है।कार्यक्रम में प्रियंका, अमरमणि, अनुराधा, नेहा, प्रिया, शाहरुख, अर्पित, सौरभ, पूनम आदि शोधार्थियों ने सहभागिता की।



## मताधिकार का प्रयोग के लिए किया जा रहा जागरूक



**टीकमगढ़।** लोकसभा चुनाव-2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, एसडीओ की जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारी द्वारा अपने-अपने थाना, चौकी क्षेत्र में लगातार सघन वाहनों की चेकिंग, गुंडे, निगरानी, बदमाशों, की चेकिंग, होटल, ढाबे, लाज की चेकिंग एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर कार्यवाही की जा रही है। लोगों को विश्वास पर्चियों का वितरण किया जा रहा है, जिससे लोगों को बिना डर,भय के अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## निः शुल्क योग शिविर कल से

**टीकमगढ़।** साहित्यकार राजीव नामदेव ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पहली बार नौगांव नगर में गायत्री शक्ति पीठ के सहयोग से डॉक्टर जितेंद्र नामदेव (इंटरनेशनली रिकॉग्नाइज्ड योग प्रशिक्षक एवं प्राकृतिक चिकित्सक) द्वारा दिनांक 24 अप्रैल 2024 से 23 मई तक समय सुबह 6 बजे से सुबह 7 बजे तक एक माह के लिए निःशुल्क योग शिविर का आयोजन गायत्री शक्ति पीठ, छतरपुर रोड, नौगांव में किया जा रहा है । जिसमे दैनिक जीवन में उपयोगी योग के साथ साथ मधुमेह, रक्तचाप, मोटापे, थायराइड, पीसीओडी, मानसिक तनाव आदि बीमारियों में किए जाने वाले योगासनों को भी सिखाया जाएगा। अतः राना लिधौरी ने जनसामान्य से अपील की है कि वे इस निःशुल्क योग शिविर का लाभ अवश्य उठाए अधिक से अधिक संख्या में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लें।

# वी क्लब के आयोजित संस्कार कक्षा में विद्यार्थियों को पठाया जाएगा धर्म का पाठ, दस दिनों तक चलेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

संस्कार कक्षा शब्द सुनते से ही ऐसा प्रतीत होता है जैसे की माता-पिता की सेवा, धर्म का अध्ययन और एक नेक इंसान बनने की शिक्षा जहां मिले उसे संस्कार कक्षा कहते हैं बच्चों में धर्म के प्रति रूचि बढ़ाना और धर्म के शस्त्र, ग्रंथ, रामायण, गीता, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा की शक्ति और उसका महत्व हमारे बच्चे जाने इसी उद्देश्य से वी क्लब उन्नति द्वारा 5 वर्ष से 15 वर्ष आयु के बच्चों के लिए 10 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है । यह शिविर 22 अप्रैल से 2 मई तक यह शिविर मां राजेश्वरी मंदिर हवेली में समय शाम 5 से 6 रहेगा । वी रश्मि शुक्ला,पंडित महेंद्र द्विवेदी द्वारा आज बच्चों को रामायण, गायत्री मंत्र सही उच्चारण और दिनचर्या में पूजा पाठ और पशु सेवा के बारे में बतलाया गया । शिविर के पहले दिन 22 बच्चे शामिल हुए । अध्यक्ष वी अर्चना पांडे, संरक्षक वी पूनम जायसवाल, डॉक्टर अभ्या जैन, नीतू द्विवेदी, मनीषा जैन, सोनाली जैन सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

**बच्चों में धर्म के प्रति रूचि बढ़ाना और धर्म के शस्त्र, ग्रंथ, रामायण, गीता, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा की शक्ति और उसका महत्व हमारे बच्चे जाने इस उद्देश्य से 5 वर्ष से 15 वर्ष आयु के बच्चों के लिए 10 दिवसीय शिविर का किया जा रहा आयोजन**




## भाजपा नेता व उनके भाई पर हुआ जानलेवा हमला, मामला दर्ज





**टीकमगढ़।** रविवार की शाम लगभग 7.45 पर टीकमगढ़ जिले के भाजपा नेता, अमिताभ जैन और उनके छोटे भाई अनुपम जैन पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। यह हमला तब हुआ जब वे अपने व्यापारिक कार्य से टीकमगढ़ के देहात थाना क्षेत्र महावीर स्कूल के पास गए हुए थे। वहां कई लोगो ने पीछे से उनकी गाड़ी पर हमला कर दिया। जिसमे अमिताभ जैन के छोटे भाई अनुपम जैन गंभीर रूप से घायल हो गए। अमिताभ जैन और अनुपम जैन ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई और सीधा कोतवाली टीकमगढ़ पहुंचे जहां से कोतवाली टीकमगढ़ पुलिस द्वारा उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार से पता चला कि हमला बहुत घातक था। जिसमे अनुपम जैन को सिर में सोलह टाके आए है जैसे ही इस घटना की जानकारी देहात थाना पुलिस को लगी तत्काल देहात थाना टीआई अपने पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और घायल लोगो के बयान के आधार पर देहात थाना पुलिस ने 4 लोगों पर खिलाफ , 325, 294, 34 के मामला दर्ज कर लिया,एवं डॉक्टर की रिपोर्ट आने पर और भी धारा बढ़ सकती है।

## किशोरी-बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**टीकमगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभाराम रोशन एवं सिविल सर्जन डॉ अमित शुक्ल के मार्गदर्शन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल से 21 अप्रैल तक माई हेल्थ माई राइट पर किशोरी-बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत किशोरियों ने समस्याओं को नर्सिंग ऑफिसर सरोज सुमन को खुलकर बताया।

कार्यक्रम के अंतर्गत सहायक प्रबन्धक डॉ. अंकुर साहू द्वारा किशोरियों को खून की कमी, मासिक धर्म, स्वास्थ्य एवं पोषण सम्बन्धी विषयों पर जानकारी दी गयी। इसके साथ ही 11 से 19 वर्ष की किशोरियों एवं किशोरों को किसी भी समस्या के लिए जस्ट आस्क चटबॉट एप्प के बारे में बताया एवं डाऊनलोड करवाया गया। इसके साथ ही जानकारी दी गई कि किसी भी स्वास्थ्य एवं अन्य समस्याया के लिए जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में कक्ष क्रमांक 4 में सुबह 9 से 4 संपर्क कर सकते है।

इस अवसर पर सहायक प्रबन्धक डॉ. अंकुर साहू, हेमन्त नायक, सरोज सुमन, अन्य नर्सिंग स्टाफ, गार्ड सद्दाम खान एवं किशोरियां उपस्थित रहीं।

### व्यवस्थाओं के संबंध में समन्वय बैठक आयोजित

# 'में आई हेल्प यू' थीम पर टीम गठित कर मतदान दलों की हेल्प की जाएगीः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा निर्वाचन-2024 के सफल संचालन के लिये मतदान दलों के रवाना, वापसी तथा मतदान के लिए व्यवस्थाओं के संबंध में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मतदान से सम्बंधित कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जाये। जिसमें विधानसभावार कम्प्यूटर ऑपरेटर होंगे, जिससे मतदान दिवस की सम्पूर्ण गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि मे आई हेल्प यू थीम पर टीम लगाई जाये जो मे आई हेल्प यू की टी-शर्ट पहन कर मतदान दलों की मदद करें, जिससे दलों के लिये की गई व्यवस्था की पूरी जानकारी मतदान दलों को दी जाये जिससे वे सुविधाजनक तरीके से तथा शीघ्र अपनी सामग्री लेकर रवाना, वापिस हो सकें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान दिवस पर सभी व्यवस्थायें समय पर पूर्ण करें तथा पूरी सतर्कता एवं तत्परता से पूरा दल कार्य करे जिससे मतदाताओं की ज्यादा लम्बी लाइन नहीं लगे। उन्होंने निर्देषित किया कि ग्रामीण औए शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर छाया, शौचालय,



पेयजल, विद्युत, रैम्प, फर्नीचर की व्यवस्था, सफाई, ट्राईसाईकल, पंखा या कूलर, टेंट की सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही मच्छर और अन्य कीड़े नहीं हों, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देष दिये कि मॉडल मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये साज-सज्जा की भी व्यवस्था की जाये तथा मतदान केन्द्रों हेतु रिजर्व शौचालयों का चिन्हांकन कर लिखवायें।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये सुबह की पाली में ही शीघ्र और अधिक से अधिक मतदान करायें। जिन मतदान केंद्रों तक पहुंचने में बस मार्ग नहीं है वहां जीप या अन्य गाड़ी की व्यवस्था करायें तथा सभी वाहनों में जीपीएस भी लगाई जाये। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सभी सेक्टर अधिकारी तथा मतदान दलों को मेडिकल किट दी जायेगी, जिसमें आवश्यक दवाएं रहेंगी। उन्होंने निर्देषित किया कि सभी अधिकारी तथा कर्मचारी गर्मी में चलने वाली लू से बचने के लिये पूरी सतर्कता रखेंगे, मतदान केंद्रों पर टेंट इस प्रकार हो कि बैठने के स्थान पर छाया रखें, सामग्री वितरण स्थान पर पूर्ण व्यवस्था दुरस्त रहे तथा भोजन की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देषित किया कि किसी भी कर्मचारी की डयूटी कैन्सल नहीं की जायेगी, ट्रेनिंग ऑन डिमांड की व्यवस्था की गई है जो भी दल या कर्मचारी चाहे तो उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम टीकमगढ़ लोकेन्द्र सिंह सरल, एसडीएम जतारा शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपाश्री गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, ईई आरईएस नम्रता पंर्दे, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग आरके पस्तोर, सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन, जिला आपूर्ति अधिकारी शबीएन सिंह, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग कमलेश जैन, जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. ऋजुता चौहान, पीओ डूंडा शिवि उपाध्याय, प्रभारी सूचना विज्ञान अधिकारी एनआईसी अविनाश पाठक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी कार्यक्रम में हुए शामिल

# बेतवा का जल अमृत तुल्य हैः सत्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा चैप्टर ग्रुप द्वारा रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी शामिल हुए। सम्मान समारोह में कैलाश सत्यार्थी ने महिला चिकित्सा सेवा से जुड़े डॉक्टर्स का सम्मान किया।

इस दौरान नागरिकों ने कैलाश सत्यार्थी का नागरिक अभिनंदन किया। वहीं इस मौके पर कैलाश सत्यार्थी व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन विशेषांक का विमोचन किया गया। जिसमें कैलाश सत्यार्थी के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है।

इस मौके पर कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि उन्हें अपनी जन्मभूमि पर आने में काफी गौरव महसूस होता है। अपनों के बीच, भाई, बहन, बेटी भतीजे आदि के बीच आकर काफी खुश मिलती है। वह हमेशा और हर बार नई ऊर्जा के साथ यहां से जाते हैं। उन्होंने कहा बेतवा का पानी समाज सेवा से जुड़ा हुआ है, समाज के हर वर्ग की चिंता करने वाला है।




श्री सत्यार्थी ने कहा कि विदिशा चैप्टर के डॉक्टर जो कार्य कर रहे हैं वह काफी सराहनीय है। दुनिया में भगवान के बाद डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया जाता है। ईश्वर के बाद अगर जीवन के बारे में किसी को किसी पर भरोसा होता है तो वह चिकित्सक होते है। चिकित्सा कर्मियों ने जिस तरह करुणा के भाव से आत्मीयता के भाव से अपनेपन के भाव से काम किया है और वह काम कर रहे हैं। यह पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा स्रोत है। हमारी बेतवा में जो जल के रूप में अमृत बहता है। वह हमारे लिए बहुत प्रेरणा देता है, साथ-साथ एक भावनात्मक संबल एक चुनौती एक नैतिक दायित्व एक नैतिक जिम्मेदारी भी देता है। हमारे पूर्वजों की जो परंपरा है कि हम उसको आगे बढ़ाएं और एक दूसरे की मदद करें। जहां हम दूसरों की तकलीफ को देखते हैं उसे अपनी तकलीफ समझते हैं और उसे दूर करने का प्रयास करते हैं। सम्मान समारोह में विदिशा चैप्टर ग्रुप से जुड़े तमाम डॉक्टर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ केतन मेहरा ने किया और डॉ सुनील किरार ने विदिशा चैप्टर के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## विदिशा में हो सकती है प्रियंका गांधी की सभा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पारा बढ़ने के साथ ही प्रत्याशियों का प्रचार भी जोर पकड़ता जा रहा है।

कांग्रेस और भाजपा में प्रचार की बात करें तो अब तक दोनों ही प्रमुख पार्टियों में राज्य स्तर से अथवा राष्ट्रीय स्तर से कोई स्टार प्रचार आमसभा अथवा रैली करने विदिशा नहीं पहुंचा है। विदिशा व बासौदा में निकालेंगे रैली विदिशा में प्रियंका वाड्रा की आमसभा को लेकर शनिवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी पीसीसी चीफ जीतू पटवारी से मिलने भोपाल पहुंचे। उन्होंने जीतू पटवारी से विदिशा में प्रियंका वाड्रा की सभा करवाने की मांग की है। वहीं भारतीय जनता पार्टी में शिवराज ही स्टार प्रचारक बने हुए हैं। वे 23 अप्रैल को विदिशा में और 25 अप्रैल को गंजबासौदा विस क्षेत्र में जन आशीर्वाद रैली निकालने की तैयारी कर रहे हैं।

## सेप्टिक टैंक के गड्ढे में गिरने से 4 साल के मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

4 साल के बच्चे की सेप्टिक टैंक में गिरने से मौत का मामला सामने आया है। करैयाखेड़ा रोड पर निर्माणाधीन मकान में सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में करीब 5 से 6 फीट पानी भरा हुआ था।

निर्माणाधीन मकान के पास ही राहुल अहिरवार का परिवार रहता है। उनका 4 साल का राज खेल रहा था। अचानक वह लापता हो गया। वह मिल नहीं रहा था। उसकी खोजबीन की गई। तभी किसी ने बताया कि टैंक में कुछ है। जब टैंक में खोजबीन की गई तो राज उस टैंक में मिला। उसको बाहर निकाला गया, उसकी हालत गंभीर थी। आसपास रहने वाले लोग और परिवार के सदस्य तुरंत ही उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि तीन भाई बहनों में यह दूसरे नंबर का भाई था।

### भगवान महावीर स्वामी के जन्म महोत्सव पर हुए कार्यकम

# चांदी की पालकी में बैठकर निकले श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भगवान महावीर स्वामी के जन्म महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। शहर में आचार्य आर्जवसागर महाराज के संघ और आर्यिका संघ के सानिध्य में किले अंदर स्थित दिगंबर जैन छोटा मंदिर से विशाल चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में चांदी की पालकी में श्रीजी को विराजमान किया गया।

चल समारोह में विधासागर नव युवक मण्डल और महिला मंडल के बैंड आकर्षक के केन्द्र रहे। जुलूस में जैन धर्म के जयकारे लगाते हुए भजन कीर्तन करते चल रहे थे। इस अवसर पर शीतलनाथ सेवादल के सभी कार्यकर्ता भगवान की पालकी के धोती दुपट्टा एवं सफेद कुर्ता पजामा पहनकर तथा गले में केसरिया दुपट्टा डालकर सिर पर सफेद टोपी लगाकर भगवान की पालकी को कांधे पर लेकर चले। वहीं महिला मंडल की महिलाएं हाथों मे आचार्य विद्यासागर महाराज के कटआउट लेकर चल रही थीं, इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के शुभ संदेश जियो और जीने दो का संदेश दिया। जगह-जगह श्री जी की आरती उतारी गई।



चल समारोह शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ माधवगंज चौराहे पर पहुंचा। जहां पर एक धर्म सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ धर्म सभा में पहुंचे। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चल समारोह में शामिल हुए और श्रीजी की पालकी को कंधा लगाया और पालकी को लेकर चले।

### अगर आनंद और शांति से रहना चाहते हैं तो जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन करें: शिवराज सिंह

अगर व्यक्तिगत रूप से हम आनंद और शांति से रहना चाहते हैं तो जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन करें। इन सिद्धांतों के पालन से हमसे सुखी और आनंदित कोई हो नहीं सकता। यह बात भाजपा उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान ने महावीर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। माधवगंज पर आयोजित महावीर जयंती पर आयोजित चल समारोह में श्री चौहान शामिल हुए और जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन अपने जीवन में करने की बात दोहराई। उन्होंने जैन धर्म के सिद्धांत अहिंसा, अपरिग्रह सिद्धांतों पर विस्तार से व्यक्त किए। इस मौके पर उन्होंने मालवीय उद्यान में पौधरोपण किया

## नेमावर तीर्थ स्थल पहुंचे प्रतापभानु शर्मा



**विदिशा।** विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा भी महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज के तीर्थ स्थल नेमावर तीर्थ पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान महावीर स्वामी की पूजा अर्चना की। खातेगांव में स्थित पवित्र तीर्थ स्थल नेमावर विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र में आता है।।

वेतन नहीं मिला तो ड्राइवरों ने छोड़ी नौकरी, कबाड़ हो रहे कचरा वाहन

# टेंडर वर्क पर कर्मचारियों की भर्ती कर भूली नपा, 6 माह से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नगर पालिका के कंगाली के कारनामे रोज सामने आ रहे हैं। फंड के अभाव में जहां कर्मचारियों को दो-दो महीने का वेतन नहीं मिल रहा है वही निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। उधर अब जानकारी निकलकर यह भी सामने आ रही है कि नगर पालिका ने जो 26 कर्मचारी चोरी छुपे टेंडर वर्क पर (आउटसोर्सिंग माध्यम से) लगाए थे उन्हें भी वेतन नहीं दिया जा रहा है। करीब छह माह से वेतन को तरसे इन कर्मचारियों में से 14 कर्मचारी वह भी है जो नई खरीदी गई कचरा गाड़ियों पर ड्राइवरों के रुप में रखे गए थे। वेतन नहीं मिलने से वाहनों को ड्राइवरों ने मेला मैदान में ले जाकर खड़ा कर दिया है, जहां पर यह कचरा वाहन खड़े खड़े कबाड़ हो रहे हैं।

शहर में साफ सफाई की कमी को देखते हुए नगर पालिका ने पहली बार टेंडर वर्क पर 26 कर्मचारी अक्टूबर माह में आउट सोर्सिंग के माध्यम से भरती करने का निर्णय लिया। जिसका विरोध भी सफाई कर्मचारियों द्वारा किया गया लेकिन सारे विरोधों को दरकिनार कर नगर पालिका परिषद् ने 26 कर्मचारियों की आउटसोर्स पर भर्ती कर ली। इन कर्मचारियों को कलेक्ट्रेट दर पर नियुक्ति देकर 14 कर्मचारियों को उन वाहनों पर ड्राईवर बना दिया गया जो वाहन नगर पालिका को डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए सरकार से मिले थे। बाकी कर्मचारियों को ऑफिस में बैठ कर विभागीय काम की जिम्मेदारी सौंपी गई। आउटसोर्सिंग (कंपनी लक्ष्य सिक्योरिटी केयर ग्वालियर) ने चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य शर्तें पूरी कर अनुबंध तो कर लिया लेकिन नियुक्ति देने के बाद एक माह का वेतन जारी किया लेकिन बाद में वेतन जारी नहीं हुआ। इनमे से जो 14 कर्मचारी कचरा कलेक्शन वाहनों पर लगाए थे वह दो-तीन माह काम करने के बाद वेतन नहीं मिलने से वाहनों को गैराज (मेला ग्राउंड) में खड़ा कर अपने घरों पर चले गए लेकिन ऑफिस में बाबू बना कर बैठाए गए कर्मचारी अभी भी वेतन मिलने की उम्मीद में काम कर रहे हैं।



### अक्तूबर में हुई नियुक्ति, कंपनी बता रही जनवरी से

इस नियुक्ति में बड़ा झोल यह भी सामने आया कि कर्मचारियों की भर्ती अक्टूबर 2023 में ही कर ली थी लेकिन जिस कंपनी के माध्यम से कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं वह कंपनी कर्मचारियों की जॉइनिंग जनवरी माह 2024 से बता रही है। 3 माह अतिरिक्त काम का वेतन इन कर्मचारियों को कौन देगा। अगर जनवरी माह से नियुक्ती मानी जा रही है तो फिर नवंबर माह का वेतन पूर्व में क्यों दिया गया?

### पूरी नहीं हुई भर्ती शर्तें, आडिट में आई आपत्ति

इस नियुक्ति में अब ऑडिट शाखा ने भी आपत्ति लगा दी है। ऑडिट शाखा ने नियुक्ति के लिए भर्ती शर्तों को पूरा नहीं किए जाने की बात कहते हुए फाइल को पास करने से रोक दिया है। जिसके चलते कर्मचारियों को वेतन मिलने की जो उम्मीद बंधी थी वह उम्मीद भी फिलहाल धूमिल होती दिखाई पड़ रही है।

### सभी को दिया जाएगा वेतन

मुझे अक्टूबर या नवंबर माह में नियुक्ति हुई उसकी जानकारी नहीं है। मैने जनवरी में कंपनी का काम संभाला है। जनवरी से वेतन मेरे द्वारा बनाकर भेज दिया है। ऑडिट में आपत्ति आने के कारण कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है। आपत्ति दूर करा रहे हैं।

**मिंटू त्रिपाठी**
**सुपरवाइजर एलएसके ग्वालियर**

टेंडर वर्क पर रखे गए कर्मचारियों को वेतन देने की जिम्मेदारी आउट सोर्सिंग कंपनी की है। वेतन नहीं देने पर कंपनी को पत्र लिखा है। जो भी आडिट आपत्तियां हैं उन्हे खत्म करवाकर वेतन दिलाने की कार्रवाई की जा रही है। एक-दो दिन में सभी का वेतन मिल जाएगा।

**सतीश मटसेनिया**
**सीएमओ श्योपुर**

वीरपुर में हुआ हादसा, ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारी टक्कर

# बहन के लड़के के साथ शादी से लौट रही महिला की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



वीरपुर कस्बे के नजदीक एक मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर हो गई। जिससे मोटरसाइकिल महिला की मौत हो गई। जबकि मोटरसाइकिल चला रहा उसकी बहन का लडका घायल हो गया। रविवार को यह दोनों रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। टक्कर मारने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉली भात देने के लिए जा रही थी। वीरपुर थाना पुलिस ने इस मामले में पीएम के बाद शव परिवार के लोगों के सुपुर्द कर दिया और एक्सीडेंट का केस दर्ज कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया है। लेकिन अभी चालक फरार बताया गया है।

पुलिस के मुताबिक मोहनपुरा निवासी द्रोपत्ती राठौर परिवार के लोगों के साथ सबलगढ में रिश्तेदारो के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। शादी समारोह में शामिल होने के बाद द्रोपत्ती राठौर रविवार को अपनी बहन के लडके संजय राठौर के साथ बाइक पर सवार होकर मोहनपुरा लौट रही थी। तभी वीरपुर कस्बे के नजदीक स्थित बाइक एजेंसी के पास उनकी बाइक को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। ये ट्रैक्टर-ट्रॉली भात देने के लिए ढोढर क्षेत्र में जा रही थी। हादसे में बाइक सवार दोनो लोग घायल हो गए। जिन्हें वीरपुर अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान द्रोपत्ती बाई की मौत हो गई। जबकि उपचार मिलने के बाद संजय की हालत खतरे से बाहर है। वीरपुर थाना प्रभारी महेन्द्र धाकड ने बताया कि इस मामले में पीएम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है और ट्रैक्टर चालक रामसिंह जाटव निवासी बडागांव के खिलाफ मामला दर्ज कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया है।

डॉक्टर कॉलोनी में हुई चोरी की वारदात, कोतवाली में एफआईआर दर्ज

# बाबू के सूने मकान में कुंदी तोड़कर घुसे चोर, जेवर और नकदी समेट ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ एक बाबू के सूने मकान में चोरी की वारदात घटित हो गई। डॉक्टर कॉलोनी में बने बाबू के घर में चोर रात्रि के दौरान घर के मुख्य दरवाजे की कुंदी तोडकर अंदर घुसे और नगदी व जेवर सहित हजारों का माल समेट कर ले गए। चोरों का फिलहाल कोई अता पता नहीं है। कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों को तलाशने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ बाबू चेतराम मांझी 19 अप्रैल को अपनी पत्नी और बेटे को उपचार के लिए ग्वालियर लेकर गया था। क्योंकि बाइक फिसलने के कारण ये दोनों चोटिल हो गए थे। लिहाजा मकान सूना था। इसी का फायदा उठाकर चोर रात्रि के दौरान मकान के मेन गेट की कुंदी तोडकर मकान में दाखिल हो गए और अंदर भी दो कमरो की कुंदी काटकर अलमारी के अंदर से 50 हजार रूपए नकद तथा सोने चांदी के जेवर समेट ले गए। इसके बाद चोर कुंदी को इस तरह लटका गए कि मानों कि पहले की ताला लगा हो। चोरी की इस वारदात का सोमवार 22 अप्रैल को तब पता चला,जब चेतराम ग्वालियर से श्योपुर लौटा। उन्हें मेन गेट की कुंदी टूटी और घर के अंदर कमरो के गेट खुले और सामान बिखरा पडा मिला,तब उन्हें समझ आया कि उनके जाने के बाद घर में चोरो ने धावा बोल दिया। इसके बाद चेतराम ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाली टीआई योगेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि चोरो का फिलहाल कोई अता पता नहीं है। लेकिन एफआईआर दर्ज कर चोरों को पता लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जल्द ही चोरों का पता लगा लिया जाएगा।



# अचानक राजगढ़ पहुंचे रावत ने बीजेपी में शामिल होने के कयासों को दिया विराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर विधायक और कांग्रेस के कद्दावर नेता रामनिवास रावत के बीजेपी में जाने की अटकलें को उस समय विराम लगता दिखाई दिया जब रविवार की शाम अचानक उन्होने राजगढ़ पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह के समर्थन में जनता से वोट मांगे और कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। ज्ञात हो कि विगत एक सप्ताह से रामनिवास रावत के बीजेपी में शामिल होने को लेकर सोशल मीडिया और अखबार टीवी चैनलों पर ख़बरें लगातार प्रकाशित हो रही थीं। रामनिवास की ओर से इन खबरों का खंडन न करने से उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें को और अधिक बल मिल रहा था।

बीजेपी में जाने और न जाने के कयासों के बीच रविवार को रामनिवास रावत राजगढ़ में दिखाई दिए। उन्होने राजगढ़ में कांग्रेस चुनाव कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा द्वारा चलाए जा दुष्प्रचार का मुक़ाबला कांग्रेसी कार्यकर्ता कैसे करें इसके गुर भी दिखाए। उन्होने राजगढ़ के बाजारों में कांग्रेस के समर्थन में वोट मांगते और दिग्विजय सिंह के साथ मंच साझा करते हुए विडियो फ़ोटो भी अपने फेसबुक आईडी पर डालें। इससे इस बात को तो लगभग विराम लग ही गया है कि वह कांग्रेस छोड़ भाजपा में जाएंगे पर क्या वह जिले में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में काम करेंगे इस पर संशय अभी बरकरार है। क्योंकि उनका जिले या मुरैना संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगने जाने के बजाय राजगढ़ में प्रचार करने पहुंचना भी चर्चाओं में है।



### राहुल गांधी ने कराई सुलह

कांग्रेस से जुड़े सूत्रों की माने तो नाराज रामनिवास रावत को मनाने में कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी का अहम योगदान है। राहुल गांधी ने मोबाइल पर उनसे बात की और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जीतू पटवारी, दिग्विजय सिंह से भी बात कर रामनिवास रावत को की नाराजगी दूर की। कांग्रेस सूत्रों की मानें तो इस दौरान रामनिवास रावत ने शर्त भी रखी कि वह अपना पूरा समय राजगढ़ में दिग्विजय सिंह के चुनाव प्रचार में देना चाहते हैं।

# चीनी कुरैशी दरगाह कमेटी के सदर, काज़ी असद सचिव निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मोहम्मद चीनी कुरैशी हजरत खानून पीर रहमतुल्लाह अलेह दरगाह कमेटी के सदर एवं काज़ी असद उल्लाह कुरैशी सचिव निर्वाचित किए गए हैं। उनका निर्वाचन रविवार को दरगाह कमेटी के मुख्य संरक्षक मोहम्मद सखी (पप्पू भाई ) सुकेत वाले की अध्यक्षता मे सर्व सम्मति से हुआ।

विगत तीन दशक से दरगाह कमेटी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे इलियास भाई उज्जैन वालों ने अपने स्वास्थ्य और उम्र का हवाला देकर दरगाह कमेटी के लिए नए अध्यक्ष का निर्वाचन करने का प्रस्ताव उर्स के बाद आयोजित हुई बैठक में रखा। जिस पर सहमति बनी की इलियास भाई को के स्थान पर नया अध्यक्ष ऐसा चुना जाए जो स्थानीय होकर उनकी गैर मौजूदगी में पूरे 12 महीने दरगाह की व्यवस्था देख सके लेकिन निर्वाचित अध्यक्ष और पूरी कमेटी इलियास भाई के नेतृत्व में ही काम करेगी। बैठक में मोहम्मद चीनी कुरैशी को अध्यक्ष और काज़ी असद उल्लाह कुरैशी को सचिव मनोनीत किया गया। इस दौरान दरगाह कमेटी से जुडे जिम्मेदार मुकीम अली, अब्दुल करीम, साजिद अली, शौकत अली, हाजी बंधु पठान, एजाज खान, मोहम्मद नबी खान आदी मौजूद रहे।

### किन्नर बनकर दो युवकों को ग्रामीणों ने पकडा, लगाई धुनाई

**श्योपुर।** किन्नर बनकर चंदा वसूली करने के लिए ननावद गांव में पहुंचे दो युवको को ग्रामीणों ने पकड लिया और उनकी धुनाई लगाकर उन्हें असली किन्नरो को बुलाकर उनके हवाले कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक सोमवार को देहात थाना क्षेत्र के ग्राम ननावद में दो युवक किन्नर बनकर ग्रामीणों से चंदा वसूली कर रहे थे। इस दौरान वह चंदे में ज्यादा रूपयों की मांग करते हुए ग्रामीणों से बहश भी करने लगे। इस दौरान शक होने पर ग्रामीणों ने उन्हें पकड लिया। तलाशी के दौरान दोनो किन्नर आम युवक निकले। जिसके बाद ग्रामीणों ने दोनों की खैर खबर लेने के बाद उन्हें असली किन्नरों को बुलाकर उनके हवाले कर दिया है।

# श्योपुर पहुंची मधु शर्मा, संभाला खंड शिक्षा अधिकारी का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पीएससी सिलेक्ट ऑफिसर मधु शर्मा ने 3 माह बाद श्योपुर पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी का प्रभार संभाल लिया है। ज्ञात हो कि एमपी सरकार ने पीएससी सिलेक्ट ऑफीसरों को नवाचार के तहत शिक्षा विभाग में सेवाएं देने के लिए संयुक्त संचालक बनाए हैं जिनमें मधु शर्मा का भी चयन किया गया है। मधु शर्मा को श्योपुर विकासखंड का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। उन्होने सोमवार को श्योपुर पहुंचकर प्रभारी बीईओ एमएल गर्ग से प्रभार ग्रहण किया।

3 माह पहले चयनित हुई मधु शर्मा चयन के तत्काल बाद ट्रेनिंग के लिए चली गई थी ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उन्होंने सोमवार को श्योपुर पहुंचकर जॉइनिंग दे दी। उन्हें प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने प्रभार सौंपा। ज्ञात हो कि मधु शर्मा जिले की पहली खंड शिक्षा अधिकारी भी हैं। इससे जिले में लगातार प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी बनाए जाते रहे लेकिन मधु शर्मा के रूप में जिले को पहला खंड शिक्षा अधिकारी मिला है। मधु शर्मा की नियुक्ति से जिले की महिला कर्मचारियों (शिक्षकों) में अधिक खुशी देखी जा रही है।



जिम्मेदार अधिकारी एक दूसरे पर झाड रहे पल्ला,किसान हो रहे परेशान

# पंजीयन असत्यापन के भंवर में फंस गए कई किसान, खरीद केंद्र पर नहीं बेच पा रहे फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

किसान कभी प्राकृतिक आपदा के कारण समस्या में आ जाता है तो कभी प्रशासनिक गलतियों से परेशानी में घिर जाता है। लेकिन इन दिनों जिले के कई किसान फसल पंजीयन के बाद असत्यापन के भंवर में फंस गए है और पंजीयन के बाद भी अपनी सरसों की फसल को सरकारी खरीद केन्द्रों पर बेच नहीं पा रहे है। वैसे इस समस्या का असली जिम्मेदार कौन है,इसका तो फिलहाल पता नहीं है, लेकिन विभागीय जिम्मेदार अधिकारी एक दूसरे पर पल्ला झाड रहे है। उधर किसान समर्थन मूल्य पर सरसों की फसल बेचने के लिए आतुर है, मगर पंजीयन असत्यापित होने से वे अपनी फसल नहीं बेच पा रहे है और विभागीय अधिकारियों के यहां भी चक्कर लगा रहे है,मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

दरअसल इन दिनों जिले में समर्थन मूल्य के तहत 32 खरीद केन्द्रों पर जहां गेंहू खरीदी कार्य किया जा रहा है,वहीं 11 केन्द्रों पर सरसों की खरीदी की जा रही है। समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए किसानों के द्वारा विविधत अपने पंजीयन भी कराए गए है। किसानों के पंजीयन कराने के बाद उसे सत्यापित करने का काम राजस्व विभाग के अधिकारियों का है। हालांकि राजस्व विभाग के द्वारा पंजीयन सत्यापन का काम पूरा कर दिया है। लेकिन कई किसान ऐसे है,जिनके पंजीयन को असत्यापित कर दिया है। जिसकारण वे अपनी फसल को बेच नहीं पा रहे है। पंजीयन असत्यापित होने की वजह से न तो किसान फसल बेचने के लिए स्लॉट बुक कर पा रहे है और न ही फसल को बेचने के लिए खरीद केन्द्र पर ले जा पा रहे है।



### फैक्ट फाइल

- 11 केन्द्रों पर चल रही सरसों की खरीदी
- 5795 किसानों ने सरसों बेचने के लिए पंजीयन
- 1003 किसान बेच चुके सरसों की फसल
- 3941 मैट्रिक टन सरसों खरीदी जा चुकी

### तो किसानों को लगेगा 600 से 800 रूपए प्रति क्विंटल तक का घाटा

पंजीयन असत्यापन के भंवर फंसे किसान यदि इस भंवर से नहीं निकल पाए तो वे सरसों की फसल को समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पाएंगे। जिसकारण किसानों को 600 से 800 रूपए प्रति क्विंटल तक का घाटा होना तय दिख रहा है। क्योंकि इस समय मंडी में सरसों की फसल को व्यापारी 4800 से 5 हजार रूपए प्रति क्विंटल मे खरीद रहे है। जबकि समर्थन मूल्य पर सरसों का भाव 5650 रूपए प्रति क्विंटल है। ऐसे में किसान अपनी सरसों की फसल को समर्थन मूल्य की जगह मंडी में बेचेगे तो उन्हें घाटा लगेगा।

### किसान बोले नहीं हो रही कोई सुनवाई

पंजीयन असत्यापन के भंवर में फंसे शंभू बागल्दा, ओमप्रकाश, अशोक, कमल किशोर फिलोजपुरा, धर्मेन्द्र सिह मीणा सहित अन्य कई किसानों ने बताया कि हमारे द्वारा सरसों की फसल की गई है, इसके बाद भी हमारे पंजीयन को असत्यापित कर दिया गया है। किसानों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों को यह समस्या बताने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बडौदा तहसीलदार को समस्या बताई तो उन्होंने हमे फूड विभाग के अधिकारियों के पास भेज दिया। जब हम फूड विभाग के अधिकारियों के पास पहुंचे तो वे बोले कि सत्यापन का काम हमारा नहीं,बल्कि यह काम राजस्व विभाग के अधिकारियों का है,इसलिए आप राजस्व अधिकारियों के पास ही जाइए।

### सुधार करवाएंगे

जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा किसानों को असत्यापन के भंवर में फंसकर उठाना पड रहा है। अधिकारियों को भी समस्या बता रहे है,लेकिन वे समस्या समाधान करने के बजाए किसानों को एक दूसरे के कार्यालय में चक्कर लगवा रहे है।

**धर्मेन्द्र सिंह मीणा**
**किसान फिलोजपुरा**

कुछ किसान इस तरह की समस्या बता रहे है। लेकिन हमारे यहां कोई सत्यापन पेडिंग नहीं है। फूड विभाग आईडी फिर खोल देगा तो हम उसमें सुधार करवा देंगे।

**एसआर वर्मा**
**तहसीलदार,बडौदा**

पंजीयन के बाद उसका सत्यापन करना राजस्व विभाग का काम है। अगर किसान को पंजीयन असत्यापित किया गया है तो इसमें हमारी कोई गलती नहीं है।

**पी गुजरे**
**उप संचालक कृषि,श्योपुर**

आधी रात को गुंडे-बदमाशों के घर पुलिस की दबिश से मचा हड़कंप

# कॉम्बिंग गश्त: 200 पुलिसकर्मियों को लेकर रात में सड़क पर उतरे पुलिस कप्तान, 53 आरोपी धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

अपराधी तत्वों पर सर्जिकल स्ट्राइक करने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने रविवार की रात शहर सहित जिलेभर में कॉम्बिंग गश्त करवाई। इसमें एएसपी सतेन्द्र सिंह तोमर, तीनों एसडीओपी और सभी थाना प्रभारियां सहित 200 के आसपास पुलिसकर्मी शमिल थे। रातभर सडक पर घूमी पुलिस ने वाहनों की चैकिंग करने के साथ-साथ जिला बदर, निगरानी बदमाशों सहित फरारी बदमाश, स्थाई वारंटियों को घरों पर जाकर चैक किया। इस दौरान 53 अपराधी पुलिस के हत्थे चढ गए। जिनमें 2 जिला बदर, 18 स्थाई वारंटी, 24 गिरफ्तारी वारंटी पकडे गए है। जबकि 6 आरोपी ऐसे भी दबोचे गए है, जो अवैध शराब और हथियार के साथ थे। इस कार्रवाई से अपराधी तत्वों में हडंकप मच गया।

लोकसभा चुनाव को लेकर अपराधी तत्व किसी तरह की कोई गडबडी न कर दे,इसके लिए रविवार रात को एसपी अभिषेक आनंद ने सडक पर उतरकर मोर्चा संभाला और पुलिस अधिकारियों के साथ शहर सहित जिले के सभी थाना क्षेत्रा में कॉम्बिंग गश्त करवाते हुए अपने-अपने थाना क्षेत्र के गुंडे बदमाशों को उनके घरो पर जाकर चैक करवाया। इस दौरान आवदा थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र के जिला बदर आरोपी भोला उर्फ योगेन्द्र जाट पुत्र प्रताप जाट निवासी झिरन्या को चैक किया, वहीं बरगवां थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र के जिला बदर आरोपी धर्मसिंह उर्फ धर्मराज रावत निवासी जाखदा को चैक किया तो यह दोनों जिला बदर के आरोपी श्योपुर जिले की सीमा में ही पाए गए। जिन्हें दबोच लिया गया। कोतवाली पुलिस ने पांच हजार के इनामी बदमाश विजय सिंह चंदेल को दबोच लिया। वहीं 315 बोर का कट्टा लहराते हुए आरोपी इमरान पुत्र हनीफ मोहम्मद निवासी किला गेट को अरेस्ट किया है। ढोढर पुलिस ने पूरण बंजारा निवासी बंजारा मोहल्ला ढोढर को 60 लीटर कच्ची शराब के साथ अरेस्ट किया है। एसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि कॉम्बिंग गश्त के दोरान 18 स्थाई वारंटियों की तामील कराई गई। 27 गिरफ्तारी वारंटियों को अरेस्ट किया। 38 जिला बदर आरोपियो, 32 हिस्ट्रीशिटर बदमाशों तथा 81 गुंडो को उनके घरो पर जाकर चैक किया।



## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलालपुर निवासी गेंदालाल नामदेव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी मुकेष और संजीव रघुवंषी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहरी निवासी दिनेष लोधी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रविन्द्र यादव और अन्य दो अरोपियो ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डेंगा निवासी मोहन आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रमेष व जीतू आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### पानी में डूबने से ढाई साल के बच्चे की मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुगावली थाने के अंतर्गत ग्राम किरोला मे अनिकेत पुत्र कल्लू अहिरवार उम्र 2 साल 6 माह की पानी मे डूबने से मौत हो गई है। यह बच्चा घर के बाहर खेलते हुए पास की एक नाली मे गिर गया था। इस नाली मे पानी भरा हुआ था। उस समय अन्य बच्चे भी वहा मौजूद थे। जब बच्चा पानी मे डूब गया तब उसकी जानकारी परिवारजनो को दी गई। जिसके बाद परिवारजन मौके पर पहुचें और उसे उपचार के लिए मुगावली अस्पताल लाया जहा डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले मे अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले की कदवाया थाने की पुलिस ने ग्राम मउअन निवासी धर्मेन्द्र पुत्र मुशीलाल यादव के पास से 15 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के पिपरई थाने की पुलिस ने मुडरा बहादरा निवासी रिंक्की पारदी के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जबकि जोतसिंह पारदी के पास से भी 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की हैं और अजय पारदी के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंदौर में काट रहा था फरारी, गिरफ्तार

**अशोकनगर।** जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है , सी ई ओ जनपद पिछले 12 वर्षो से फरार था जिसके विरुद्ध स्थाई वारंट पर पुलिस ने गिरफ्तार किया जो नाम और हुलिया बदल कर इंदौर में छिप कर पुलिस और अदालत को चकमा दे रहा था। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देशन में फरार आरोपियों का धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है , पुलिस थाना कचनार के प्रभारी अक्षय सिंह कुशवाह ,विक्रमपुर प्रभारी पुनीत दीक्षित ,अरुण पाल तथा योगेंद्र सिंह रघुवंशी के संयुक्त दल ने इंदौर पहुंच कर 20 फरारी स्थाई वारंटी पकड़े है।

### भव्य शोभायात्रा में भगवान महावीर को चांदी की पालकी में निकाला गया, महिला संगठनों की रही विशेष भूमिका

# जिले में उत्साह पूर्वक मनाई गई महावीर की जंयती







हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दिगंबर जैन दर्शन के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस रविवार को विविध धार्मिक कार्याक्रमो के साथ उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर शहर मे निकली शोभायात्रा आर्कषण का केन्द्र रही भगवान महावीर को चांदी की पालकी मे शहर का बिहार कराया गया। पूरा शहर उत्सव मे डूबा नजर आया। महिला संगठनो की उपस्थिति के साथ घर घर द्वार द्वार बनाई गई रंगोलिया भी आर्कषण का केन्द्र रही।

जियो और जीने दो और अंहिसा परमो धर्माः का संदेश देने वाले जैन धर्म के 24 वे र्तीथंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस समारोह की शुरूआत धार्मिक क्रियाओ के साथ हुई। सभी जैन जिनालयो मे भगवान का अभिषेक और शांतिधारा के आयोजनो के साथ साथ पूजा अर्चना महावीर चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान बडी संख्या मे श्रृदालुओ ने भगवान महावीर का स्मरण किया और उनके द्वारा दिए गए सम्पूर्ण मानव जाति के लिए अंहिसा के मार्ग पर चलने का आव्हान किया गया।

इस मौके पर सुबह 8:00 बजे भगवान महावीर को चांदी की पालकी मे भक्तिभाव से विराजमान किया गया। इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल,महामंत्री राकेश जैन अमरौद ,उपाध्यक्ष प्रदीप तारई,कोषाध्यक्ष सुनील जैन







अखाई के साथ बडी संख्या मे समाज जन शामिल हुए। यह शोभायात्रा जहॉ जहॉ से भी निकली वहॉ समाजजनो ने भगवान की आरती उतारी और श्रीफल अर्पित किए। शोभायात्रा का यह चल समारोह सुभाष गंज से शुरू होकर



स्टेशन रोड ,गाधी पार्क,पुराना बाजार ,प्रोसेशन रोड,सुराना चैराहा,इन्द्रा पार्क,सदर बाजार होते हुए सुभाष गंज जैन मंदिर पहुचा। जहॉ भगवान का भक्ति भाव से अभिषेक किया गया। यह समस्त आयोजन आचार्य श्री विशुद्व सागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री शुद्वसागर जी महाराज और क्षुल्लक श्री अकंपसागर जी महाराज के संसघ सानिध्य मे संपन्न हुए।

इस शोभायात्रा मे नाचते गाते हुए युवाओ का समूह नजर आया। वही दूसरी ओर महिला संगठनो की भागीदारी भी प्रमुखता से रही जिनमे बहू बेटी संगठन,दिगंबर जैन महिला परिषद,दिगंबर जैन महिला महासमिति,सुधा सागर महिला समिति,शांतिनाथ महिला मंडल के साथ अनेक महिला संगठनो ने भी भाग लिया। इस शोभायात्रा मे पाठशाला के बच्चे भी शामिल हुए। भगवान महावीर के 2623 जन्म कल्याणक दिवस पर भगवान महावीर का पालना भी झुलाया गया। एक मॉ अपने बेटे को गोदी मे लेकर पालना झुलाने पहुची। इस मौके पर मुनि श्री ने अपने प्रवचनो मे कहा कि अनंतकाल से हम संसार मे चल रहे है कोई महान पुण्य का उदय होगा।जिसके कारण हमें मनुष्य पर्याय मिली। इस मौके पर भगवान को पाडुक शिला पर विराजमान किया गया और महामस्तिकाभिषेक का आयोजन हुआ। इस मौके पर युवा भी अपने हाथो मे ध्वज लेकर चल रहे थे। इस पूरे चल समारोह मे सर्वोदय पाठशाला बच्चो का योगदान भी रहा। वह भी इस चल समारोह मे शामिल हुए जो अपने हाथो मे भगवान महावीर के उदेश्यो का नाम और झांकी लेकर चल रहे थे। यह शोभा यात्रा जहा जहा से निकली वहा श्रृदालु भगवान की आरती उतारने के लिए उतावले नजर आए।

### ईसागढ़ में धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती

**ईसागढ।** कस्बे में वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के 2623 वे जन्म कल्याणक महोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। सुबह मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके बाद पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से भगवान को रजत पालकी में विराजमान कर चुंगी नाका स्थित चंद्र प्रभु जिनालय तक भक्तिभाव के साथ शोभा यात्रा चल समारोह के साथ निकाली गई। समाज जनों ने अपने-अपने घरों के आगे रंगोली सजाई , समाज के लोग अपने-अपने हाथों में केसरिया ध्वज लेकर चल रहे थे। जिसमें समाज की महिलाओं ने भी बढ़ चढकर भाग लिया। चंद्रप्रभु जिनालय पर सभी को समाज की ओर से फल वितरण किए गए। इसके बाद भगवान की शोभा यात्रा पुनः पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर आकर सामाप्त हुई। जहा अन्य धार्मिक कार्यक्रम किए गए एवं गरीबों को मिष्ठान वितरण किया गया । सभी समाज जनों के द्वारा अपने-अपने घरों के आगे भगवान की आरती उतारी गई।



# कनेरा परिवार 40 वर्ष से महावीर जयंती पर गरीबों को करा रहा है निशुल्क भोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर मे महावीर जंयती का पर्व एक ओर जहा उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। वही दूसरी ओर वर्षो से यहा गरीबो को निशुल्क भोजन एवं वस्त्र वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है। यह जैन समाज की निरंतर चालीस वर्षो से चली आ रही व्यवस्था है। इस बार भी गरीबो को निशुल्क भोजन और वस्त्र प्रदान किए गए।

शहर के सुभाष गंज स्थित जैन मंदिर के सामने समस्त धार्मिक कार्यक्रमो के पश्चात अशोकनगर का कनेहरा परिवार प्रकाशचंद मनोजकुमार जैन स्वंय अपने हाथो से भोजन बनाबाकर अपने साथ लेकर मंदिर परिसर स्थल पहुचे जहा गरीबो को टाट पटटी पर बैठकर भगवान महावीर की जयजयकार के साथ भोजन प्रदान किया गया । गरीब परिवारो के लोग वर्षो से यहा इस पवित्र दिन पर आते रहे है। उन्हे यह भोजन स्वदिष्ट रूप से तैयार कर खिलाया जाता है। कनेहरा परिवार के सदस्यो ने स्वंय अपने हाथो से भोजन प्रदान किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोकनगर विघायक हरिबाबू राय थे। इसके अलावा जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासल ,महामंत्री राकेश अमरौद के साथ समाज के सभी नागरिको ने गरीबो को भोजन कराया।

### रेडीमेड संघ ने वस्त्रों का निशुल्क वितरण किया

इसी प्रकार यहा की पंरपरा मे रेडीमेड वस्त्र व्यवसायी संघ की ओर से भी हर वर्ष गरीबो को महावीर जयती के दिन वस्त्रो का निशुल्क वितरण किया जाता हैं। इस बार भी रेडीमेड संघ के सदस्य और पदाधिकारी पहुचे और अपने साथ लाए हुए वस्त्रो को गरीबो को प्रदान किया। इसमे सभी तरह के वस्त्र शामिल थे। बच्चो से लेकर बुजुर्गो तक के कपडे गरीबो को प्रदान किए गए। यह सभी वस्त्र नए होते है। जो दुकानदारो के यहा बिकने से रह जाते है। उन वस्त्रो को गरीबो को निशुल्क वितरित कर दिया जाता है।

### चार दिन से लापता महिला का शव मिला

**शिवपुरी।** खबर जिले के पोहरी थाना क्षेत्र के भटनावर गांव से है। जहां बीते 18 अप्रैल से लापता एक 50 साल की महिला का शव गांव में मिलने से सनसनी फैल गई है। इस मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को पीएम के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार बैराड़ थाना क्षेत्र दुल्हारा गांव में दो सिन से एक महिला को गांव में घूमते देखा गया था। आज महिला का शव राजकुमार पुत्र बृजमोहन धाकड के खेत पर मिला था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बैराड़ थाना को कर शव को पोस्टमॉर्टम हाउस रखवा दिया। बैराड़ पुलिस ने महिला की शिनाख्ती के लिए जिले के सभी थानों में फोटो पहुंचाए थे। पुलिस पड़ताल में पता लगा कि महिला ग्यासी धानुक की गुमशुदगी 18 अप्रैल को उसके पति सीताराम धानुक की ओर से दर्ज कराई थी। जहां आज महिला ग्यासी धानुक का शव बैराड़ थाना क्षेत्र दुल्हारा गांव में मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रियदर्शनी राज सिंधिया ने आदिवासी बाहुल्य गांवों में की नुक्कड़ सभाएं

#### आवास योजना के लाभार्थी के घर बनाई रंगोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जनजाति समाज के लोग मेरे परिवार हैं, परिवार की महिलाएं वोट करने वाले दिन पीछे न रहे, यह बात भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया ने रविवार को जिले की चंदेरी विधानसभा के आदिवासी बाहुल्य ग्राम भैंसा में जनजाति परिवार की महिलाओं के बीच कही। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की महिला लाभार्थी के साथ उनके गृह प्रवेश पर रंगोली बनाई उनके साथ दो घंटे बिताएं, जहां उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना, उन्हें याद दिलाया की श्री सिंधिया ने 20 वर्षों में यहां बहुत कार्य किए हैं,और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा, कहीं कोई कमी पेशी रह गई है तो चुनाव बाद एक-एक गांव में कैंप लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से उन्हें सभी योजनाओं का शत प्रतिशत



लाभ दिलाया जाएगा। गांव के एक-एक आदिवासी से मुलाकात कर कहां कि वो उनका परिवार है, परिवार की महिलाएं वोट करने वाले दिन पीछे ना रहे, इसी दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की एक महिला लाभार्थी के साथ उनके गृह प्रवेश पर रंगोली बनाई अपने गले की फूलों की माला को उतार कर रंगोली सजाई। घर-घर संपर्क अभियान का सिंधिया का आज दूसरा दिन है, पूरे चुनावी अभियान में 134 नुक्कड़ बैठक करने का उनका लक्ष्य है।

# स्टेशन पर समाजसेवी संगठनों ने चलित प्याउ का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर बीना कोटा रेल लाइन का महत्वपूर्ण स्टेशन है यहां रेलवे द्वारा कोई पानी की व्यवस्था नहीं की जाती है रेलवे जनता से यात्रा के पैसे लेती है रिजर्वेशन कराने पर पैसा लेती है लेकिन जो उसकी मौलिक सुविधाओं के अधिकार है उसके अंतर्गत पानी उपलब्ध नहीं करती न आपको ठंडा पानी मिलेगा न गर्म पानी मिलेगा। प्याऊ है तो नल बंद है और नल है तो पानी नहीं है।

यह स्थिति अशोकनगर स्टेशन की है ऐसे में जनता करे तो क्या करें। रेलवे से लड़ाई लड़ने वाला कोई शहर में नहीं है कि वह समस्या के निराकरण के लिए रेलवे के अधिकारियों और यहां के नेताओं को जगा सके। आखिर मजबूरी में शहर की जनता और उनसे जुड़े जनप्रतिनिधि गर्मी के इस मौसम में लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ का संचालन करते हैं और यह निरंतर व्यवस्था बनती जा रही है। रेलवे कुछ करना नहीं चाहती इसलिए समाज सेवी संगठन मिलकर यहां पर प्याउ चलाते हैं यहां से निकलने वाली लंबी दूरी की टेनो के यात्रियों को पानी उपलब्ध कराया जाता है। यह व्यवस्था यहां लगातार चल रही है और इस बार भी चालू की गई है जनता को टैंकरों से पानी मंगाया जाता है मटके साफ कराए जाते हैं पानी भरा जाता है और उसके बाद ठंडा पानी पिलाया जाता है यह अशोकनगर स्टेशन की स्थिति है छोटी स्टेशनों पर तो कोई पानी की व्यवस्था है ही नहीं। बीना से गुना के बीच अशोकनगर में है यह पानी उपलब्ध हो रहा है उसके बाद गुना में मिलता है पूरे कोटा बीना रेल मार्ग पर दो-तीन स्टेशन ही ऐसी है जहां यात्रियों को पानी आसानी से उपलब्ध हो जाता है अगर यह समाज सेवी संगठन पानी की व्यवस्था न करें तो यात्रियों को पानी मिल पाना मुश्किल है।

#### टीम के साथ मिलकर नदी में छोड़ा

### खेत में दिखा 6 फीट लंबा मगरमच्छ ग्रामीणों ने बनाया बंधक

**शिवपुरी** /कोलारस अनुविभाग के बदरवास थाना क्षेत्र के वसाई गांव के खेत में 6 फ़ीट लंबे मगरमच्छ को घूमते हुए खेत मालिक के बेटे द्वारा देखा गया। मगरमच्छ की सूचना गांव में पहुंचते ही ग्रामीण खेत पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने मगरमच्छ को रस्सियों की मदद से बांध लिया। चूंकि खेत कोटवार का था जिससे समय रहते वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू कर अपने साथ ले गई। जानकारी के मुताबिक़ कोलारस तहसील के कोटवार कैलाश कुशवाह के खेत में उनके बेटे संतोष कुशवाह ने रविवार की रात 8 बजे एक 6 फ़ीट लंबे मगरमच्छ को टहलते देखा था। इसकी सूचना तत्काल संतोष ने अपने पिता और ग्रामीणों को दे दी थी। खेत पहुंचे ग्रामीणों ने रस्सियों से मगरमच्छ को बंधक बना लिया था। वहीं गांव में मगरमच्छ निकलने की सूचना कोटवार ने वन विभाग की रेस्क्यू टीम को कर दी थी। रात 11 बजे वन अमले की टीम ने मगरमच्छ को ट्रैक्टर-ट्रॉली में डालकर तीन किलोमीटर दूर करई नदी में छोड़ दिया। बताया गया है कि गांव की नरिया (बारिश में बहने बाली छोटी नदी) तीन किलोमीटर दूर करई नदी में जुडी है। संभवता करई नदी से निकलकर मगरमच्छ नरिया के रास्ते खेत में पहुंच गया।

#### शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे वापस, बेटा-भांजा घायल

### बदरवास के व्यवसाई की गुना सड़क हादसे में मौत

**शिवपुरी** /कोलारस अनुविभाग के बदरवास कस्बे के रहने वाले व्यवसाई की मौत गुना के पाटई गांव के पास फोरलेन हाइवे पर सड़क हादसे में हो गई। गुना पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज कर व्यवसाई के शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरान्त शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया इसके बाद व्यवसाई के शव को बदरवास लाकर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के मुताबिक़ बदरवास कस्बे के रहने वाले व्यवसाई दिनेश मित्तल (50) अपने मौसी के परिवार की शादी में शामिल होने गुना अपने परिवार के साथ कार में सवार होकर गए हुए थे।

जहां शादी समारोह में शामिल होने के बाद बदरवास लौटते वक्त उनकी कार में अन्य महिला रिश्तेदारों की संख्या बढ़ने के चलते उन्होंने सभी लोगों को अपनी कार में बैठा कर बदरवास के लिए रवाना कर दिया और खुद व उनका बेटा शिवम और भांजा सक्षम किराया देकर एमआरवी की ट्रेबलर में सवार होकर बदरवास की ओर रवाना हुए। बताया गया है रविवार कि रात करीब 11 बजे गुना जिले के पाटई गांव के पास ट्रैबलर वाहन अनियंत्रित होकर हाइवे से नीचे जाकर पलट गया। इस घटना में सर में चोट आने से व्यवसाई दिनेश मित्तल की मौके पर ही मौत हो गई थी।

#### गोली मारकर की गई हत्या, पुलिस मामले की जांच में जुटी

### ओवरब्रिज पर मिला गुना के सब इंजिनियर का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

कोलारस अनुविभाग के बदरवास थाना क्षेत्र के बरखेड़ा के ओवर ब्रिज पर रविवार की देर शाम संदिग्ध हालत में युवक का शव मिला था। सूचना के बाद बदरवास पुलिस बदरवास स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोसित कर दिया। युवक की पहचान गुना के सब इंजिनियर के रूप में हुई है। जिसकी हत्या गोली मारकर की गई है। फिर बाद में युवक के शव को बदरवास थाना क्षेत्र के बरखेड़ा के ओवर ब्रिज पर फेंका गया हैं। बदरवास पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की धारा में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। आज मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस ने मृतक की पहचान गुना के रहने वाले संजय कुशवाह के रूप में की है। मृतक संजय कुशवाह पेशे से सब इंजिनियर है और किसी बिल्डर के साथ काम करता था। जानकारी के मुताबिक़ संजय कुशवाह रोज की तरह अपने घर से निकला था लेकिन रात तक वह घर नहीं पहुंचा था। बदरवास पुलिस ने मृतक के पास मिले दस्ताबेजों के आधार पहचान कर रविवार की रात मृतक के घरवालों को सूचना दी थी। इस मामले बदरवास थाना प्रभारी रवि चौहान का कहना कि हाइवे पर शव मिलने के बाद हत्या की पुष्टि हुई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।